समस्या | शिव मंदिर चतुर्वेदी चौक झाल में सड़क निर्माण नहीं होने से हो रही परेशानी

# झाली टोला में कीचड़ से आवागमन हो रहा बाधित





**चिल्हारी नवभारत 23 जुलाई।** जिले के मानपुर जनपद के ग्राम पंचायत झाल के झाली टोला में मुख्य चौराहा शिव मंदिर चतुर्वेदी चौक झाल, जहां से ग्राम के लोगो का आवागमन मुख्य रूप से होता है, इन दिनों रास्ता कीचड़ की भेंट चढ़ा हुआ है। लोगों का पैदल निकलना मुश्किल है।

यह झाली टोला का मुख्य चौराहा है, जहां से विद्यालय के छात्र छात्राओं अपने गन्तव्य विद्यालय के लिए आते जाते है, शिव मंदिर में सुबह-शाम भक्त दर्शन पूजा करने के लिए आते है एवं दिन में ग्रामीण उसी रास्ते से होकर अपने खेत खलिहान आते-जाते हैं। सोन नदी तक जाने के लिए भी यही एकमात्र रास्ता है, लेकिन इन दिनों यह चौराहा परेशानी का सबब बना हुआ है।

कई बार जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन अपनी समस्या ग्राम पंचायत मे पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों को बताये लेकिन कोई हल नहीं निकला न ही किसी ने सुध ली. ग्रामीण जनों के अनुसार इस चौराहे के लगभग 20 से 25 मीटर ही सड़क निर्माण नहीं हुआ है बाकि जगह सडक निर्माण है इस चौराहे को छोड़ दिया गया था, जिसका परिणाम आज तक ग्रामीण भुगत रहे है.

### कलेक्टर से लगाएंगे गुहार

ग्रामीणों के अनुसार कई बार हमारे द्वारा ग्राम पंचायत झाल के सरपंच सचिव को चौराहा मं सड़क निर्माण की बात कही गई, लेकिन इनके द्वारा टाल दिया जाता है, जबकि यह चौराहे में सड़क निर्माण अत्यंत आवश्यक है ग्रामीण द्वारा बताया गया कि हम लोग अपनी मांग को लेकर जिले कलेक्टर के पास जायेंगे और अपनी समस्या से अवगत करवाएंगे।



# बाघ संरक्षण का ग्रामीणों ने लिया संकल्प


▶ विश्व बाघ दिवस पर बांधवगढ़ में ग्रामीणों से संवाद

**चिल्हारी नवभारत 23 जुलाई।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजोरा के मार्गदर्शन में विश्व बाघ दिवस 2026 के तहत बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में चल रहे नौ दिवसीय कार्यक्रमों के दूसरे दिन 'समिति से संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए गए। कल्लवाह, मानपुर, पनपथा कोर और खितौली परिक्षेत्र की विभिन्न ईको विकास समितियों के सदस्यों से वन एवं वन्यजीव संरक्षण, विशेषकर बाघ संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों से रोजगार और ग्राम विकास से जुड़े सुझाव भी लिए गए तथा उन्हें वन्यजीवों के साथ सुरक्षित जीवनयापन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में समिति सदस्यों ने बाघ संरक्षण की शपथ भी ली।

### 31 स्थानों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

उल्लेखनीय है कि नौ दिवसीय अभियान के तहत बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के 31 स्थानों पर ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एक हजार से अधिक ग्रामीण भाग लेंगे। उद्देश्य ग्रामीणों की सहभागिता से वन एवं वन्यजीव संरक्षण को और मजबूत बनाना है।

# स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां



▶ ग्राम पंचायत चिल्हारी में सभी जगह है गंदगी का आलम

**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हारी में शासन द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान की धज्जियां इस तरह उड़ाई गई है कि कितना भी लिखा जाये कम होगा।

गांव के किसी भी गली मोहल्ले का मौका निरीक्षण कर देखा जा सकता है कि बस स्टैंड से लेकर मेन बाजार, ब्राम्हण मोहल्ला, कछियान मोहल्ला, अहीर मोहल्ला ढिमरान मोहल्ला आदि गांव का कोई भी मोहल्ला स्वच्छ नहीं है। स्वच्छता अभियान में शासन द्वारा दी गई रकम सीधे सीधे डकार ली गई। ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान का कोई लाभ पंचायत प्रसाशन द्वारा नहीं दिया गया।

### पैदल चलने में भी हो रही मुश्किल

ब्राम्हण मोहल्ले में विगत दस वर्षों से बरसात के मौसम में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इतना कीचड़ है कि पैदल चलने वाले लोग एवं स्कूली बच्चे फिसल कर गिर जाते हैं जिले कलेक्टर महोदय से अपील है कि ब्राम्हण मोहल्ला की सड़क शीघ्र बनाई जाय अन्यथा आमरण अनशन किया जाएगा।

# आजाद के आदर्शों को जीवन में अपनाएं : त्रिपाठी

▶ युवा मोर्चा ने 120वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि




**शहपुरा नवभारत 23 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला डिंडोरी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के निर्देशन तथा प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह परस्ते के मार्गदर्शन में शहपुरा स्थित शहीद स्मारक पर स्वाधीनता संग्राम के महान सेनानी अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जन्म जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पहुंचकर चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन साहस, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष भजनदास चक्रवर्ती, युवा मोर्चा जिला महामंत्री हरिहरन रजक, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, सत्यम मानिकपुरी, नीरज राजपूत, आदित्य राज गुप्ता, ईशान पाठक, हिमांशु अग्रवाल, रविश साहू, साहिल साहू, मुदित गुप्ता तथा पूर्व युवा मोर्चा जिला महामंत्री अरुण गुप्ता (गोलू) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# चंदिया की बेटी ने जिले का नाम किया रोशन

▶ एमपीपीएससी परीक्षा पास कर बनीं खनिज निरीक्षक

**नवभारत उमरिया 23 जुलाई।** प्रतिभा मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता हासिल करने वाली चंदिया नगर की बेटी यशु तिवारी ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खनिज निरीक्षक के पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है।



महज 24 वर्ष की आयु में इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे उमरिया जिले को गौरवान्वित किया है। गत दिवस पहली बार अपने गृह नगर चंदिया पहुंचने पर उनका नगर वासियों ने आत्मीय और स्वागत किया।

**सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया**-यशु तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और पूरी निष्ठा के साथ मेहनत की जाए तो कोई भी सफलता दूर नहीं है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से निरंतर अध्ययन आत्मविश्वास और धैर्य बनाए रखकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की अपील की।

# संघर्ष से सफलता के शिखर पर पहुंचे ईश्वर सिंह

▶ क्रिकेट में अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन, लिखी नई इबारत




**अमरपुर नवभारत 23 जुलाई।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोधघुड़ी से एक ऐसी ही प्रेरक कहानी निकलकर सामने आई हैं, जिसने पूरे गांव, जनपद पंचायत एवं जिले का मान बढ़ाया हैं।

ग्राम बोधघुड़ी के होनहार खिलाड़ी ईश्वर सिंह परस्ते ने विपरीत परिस्थितियों को मात देते हुए क्रिकेट की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई हैं। जिस क्षेत्र में अधिकांश लोग अपनी आजीविका के लिए केवल मजदूरी और कृषि कार्यों को ही प्राथमिकता देते हैं, वहां ईश्वर सिंह परस्ते ने खेल के प्रति अपने जुनून को जीवित रखा। बिना किसी सरकारी सहायता, राजनीतिक संरक्षण या प्रशासनिक मदद के ईश्वर ने अपनी लगन स्वयं के सीमित आर्थिक संसाधनों और समय के सदुपयोग से खुद को एक बेहतरीन खिलाड़ी के रूप में तैयार किया।

### ईश्वर सिंह ने 12 गेंदों में दिखाई अपनी प्रतिभा

सभी प्रतियोगियों को बल्लेबाजी के लिए 12 गेंद नियत किए गए थे, जिसमें से ईश्वर सिंह परस्ते ने सफलतापूर्वक 12 गेंदों का सामना करते हुए अपनी योग्यता का सटीक परिचय दिया। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाते हुए सभी 12 गेंदों का सामना किया। अपनी तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 6 गेंदों को बाउंड्री के पार पहुंचाया।

### अपनी तकनीक पर है पूरा भरोसा

इस दौरान उन्होंने पिच और गेंदबाजी के मिजाज को समझने के लिए समय लिया। ईश्वर सिंह परस्ते का यह प्रदर्शन न केवल उनकी मेहनत को दर्शाता हैं, बल्कि यह भी साबित करता हैं कि वे दबाव वाली स्थितियों में भी अपनी तकनीक पर भरोसा रखते हैं। उनकी यह उपलब्धि अमरपुर विकासखंड सहित जिलेभर के उन तमाम युवाओं के लिए एक मिसाल हैं, जो अभावों में भी बड़े सपने देखते हैं।

**एमपीसीएल ट्रायल में दिखाया अपना कौशल**

विगत 14 जुलाई को संपन्न हुए मध्य प्रदेश स्तरीय क्रिकेट ट्रायल (एमपीसीएल 2026) में ईश्वर सिंह परस्ते ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी बेहतरीन तकनीक और जुझारूपन का परिचय देते हुए, उन्होंने 'ए' ग्रेड हासिल कर प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया हैं।

संकीर्तन के बाद झमाझम बारिश से भक्तों में खुशी

# अखंड सीताराम संकीर्तन महामंत्र जप का समापन

**चिल्हारी नवभारत 23 जुलाई।** मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी स्थित प्राचीन हनुमान पहाड़ी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों के कल्याण, उत्तम वर्षा, सुख-समृद्धि एवं विश्व शांति की कामना को लेकर 24 घंटे का अखंड श्री सीताराम संकीर्तन महामंत्र जप सोमवार से प्रारंभ हुआ, जिसका मंगलवार दोपहर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में समापन हुआ।

समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान हनुमान का रुद्राभिषेक, विधि-विधान से पूजन-अर्चन, हवन-पूजन, सुंदरकांड पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा।

### संकीर्तन अच्छी वर्षा के लिए आयोजित किया गया

इस वर्ष का संकीर्तन विशेष रूप से किसानों के कल्याण, अच्छी वर्षा और गांव की सुख-समृद्धि की कामना के लिए आयोजित किया गया था। क्षेत्र के किसान लंबे समय से वर्षा का इंतजार कर रहे थे। संयोगवश संकीर्तन प्रारंभ के बाद क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई, जिससे किसानों और श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी छा गई। लोगों ने इसे प्रभु श्रीराम और संकटमोचन हनुमानकी कृपा बताते हुए प्रकृति का शुभ संकेत माना।

**हनुमान पहाड़ी मंदिर की है विशेष धार्मिक मान्यता**

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर 'सीताराम' नाम के संकीर्तन से गूंजता रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया।प्राचीन हनुमान पहाड़ी मंदिर चिल्हारी की क्षेत्र में विशेष धार्मिक मान्यता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने और मनोकामना मांगने वाले भक्तों की इच्छाएं भगवान हनुमान अवश्य पूर्ण करते हैं।

# निष्पक्ष जांच के साथ जवाबदेही तय करने की मांग

▶ जंतर-मंतर की घटना को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**शहपुरा नवभारत 23 जुलाई।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल ही में हुई घटना के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहपुरा ने गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार शहपुरा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने जंतर-मंतर की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से घटना की परिस्थितियों की जांच कराने तथा संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी निर्धारित करने की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा उरेती, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सरपंच नान सिंह मार्को, नत्थूलाल झारिया, संजय दुबे, संदीप झारिया, नवीन गुप्ता, इकबाल खान, फरीद खान सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से गूंजा शहपुरा, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

▶ पुरी की तर्ज पर निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा




**शहपुरा नवभारत 23 जुलाई।** आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब आषाढ़ शुक्ल नवमी के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय इस्कॉन मंदिर संस्था एवं शहपुरा नगर के समस्त श्रद्धालुओं के संयुक्त तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य एवं मनोहारी रथयात्रा पूरे धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई।

'जय जगन्नाथ' और 'हरे राम हरे कृष्ण' के गगनभेदी जयघोषों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। उड़ीसा के विश्व प्रसिद्ध पुरी धाम की तर्ज पर सुसज्जित पारंपरिक रथ में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले।

**पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया**-रथ के दर्शन और उसे खींचने के लिए हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ रथ के पीछे-पीछे चलते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। रथयात्रा के शुभारंभ से पूर्व शहपुरा की प्राचीन देवी मड़िया मंदिर में भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई।

**पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत**-इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीनों देवों को रथ पर विराजमान कराया गया और श्रद्धालुओं ने रस्सी खींचकर रथयात्रा का शुभारंभ किया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती रथयात्रा का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई।

अवसर | शहडोल में 3 अगस्त से शुरू होगा फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश शुरू

# होटल मैनेजमेंट के साथ कैटरिंग क्षेत्र में युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**शहडोल।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्थापित एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित तथा राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी संस्थान, नोएडा से संबद्ध फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट शहडोल का शुभारंभ 3 अगस्त 2026 से जिला मुख्यालय से करीब 4 किलोमीटर दूर ग्राम बरूखा, तहसील सोहागपुर में किया जा रहा है। संस्थान के शुरू होने से जिले के युवाओं को होटल मैनेजमेंट, फूड प्रोडक्शन और फूड एंड बेवरेज सर्विस के क्षेत्र में रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि संस्थान में डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन का 1.5 वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है तथा कुल 30 सीटें उपलब्ध रहेंगी। प्रशिक्षण शुल्क 29,250 रुपये निर्धारित है, जिसे दो किस्तों में जमा किया जा सकेगा। इसी प्रकार क्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड एंड बेवरेज सर्विस 6 माह की अवधि का होगा। इसमें प्रवेश के लिए 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस पाठ्यक्रम में भी 30 सीटें उपलब्ध रहेंगी तथा प्रशिक्षण शुल्क 15 हजार रुपये होगा, जिसे दो किस्तों में जमा किया जा सकेगा।

फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट शहडोल में प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन रखी गई है। कलेक्टर ने जिले के युवाओं से इस रोजगारोन्मुखी संस्थान में प्रवेश लेकर अपने कौशल को विकसित करने की अपील की है।

### प्रशिक्षण के साथ मिलेंगी रोजगारपरक सुविधाएं

प्रभारी प्राचार्य फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट शहडोल के अनुसार संस्थान में शुल्क सहित हॉस्टल सुविधा, नामांकित होटलों में प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड, आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, आधुनिक प्रयोगशालाएं तथा कोर्स पूरा होने के बाद प्लेसमेंट सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डिप्लोमा पूर्ण करने के बाद विद्यार्थियों के लिए होटल एवं रेस्टोरेंट, इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों, फास्ट फूड रेस्टोरेंट, अस्पतालों, फ्लाइट कैटरिंग एवं ग्राउंड स्टाफ, रेलवे कैटरिंग, रिटेल एवं कस्टमर केयर, मार्केटिंग एवं सेल्स, बैंकिंग क्षेत्र सहित सेना, नौसेना, वायुसेना और पुलिस विभाग में मेस इंचार्ज के रूप में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

### स्थानीय व्यंजनों और स्वरोजगार को भी मिलेगा बढ़ावा

फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के माध्यम से केवल नियमित पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। स्ट्रीट फूड संचालकों, ठेला, फूड स्टॉल एवं छोटे भोजनालय संचालकों को फूड सेफ्टी और हाइजीन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिला स्व-सहायता समूहों को कैटरिंग, सामुदायिक रसोई, कैंटीन संचालन, बेकरी और फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण देने की योजना है। इसके अलावा शहडोल और बघेलखंड के पारंपरिक एवं आदिवासी व्यंजनों के संरक्षण, मानकीकरण और उन्हें पर्यटन से जोड़ने की दिशा में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए अल्पकालीन प्रशिक्षण के विषय की अधिक जानकारी एवं प्रवेश के लिए फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, बरूखा, शहडोल में संपर्क किया जा सकता है।

# कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अमरकंटक एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण



**अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बुधवार को नगर परिषद अमरकंटक स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था एवं वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कचरा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं निष्पादन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अमरकंटक प्रदेश की महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है। ऐसे में यहां स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का शत-प्रतिशत स्रोत स्तर पर पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रभावी प्रबंधन किया जा सके।